क्रमांक एफ 15(1)2011 / कार्मिक–स्ट्रेस्थ / प्रमुवसं / 4096–4123 दिनांक 26/08/2020

निमितः–

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान, जयपुर।
प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य आयोजना वनबन्दोबस्त राजस्थान, जयपुर।
प्रधान मुख्य वन संरक्षक, टी.आर.ई.ई.राजस्थान, जयपुर।
अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, राजस्थान जयपुर।
अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर (आरावली भवन)।
अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर वन वर्धन, जयपुर।
परियोजना निदेशक आर.एफ.बी.पी. फैज–द्वितीय अरावली भवन जयपुर।
समस्त मुख्य वन संरक्षक गण

विषयः–लेखा मदवार स्वीकृत पदों / कार्यरत / रिक्त पदों की मासिक सूचना भिजवाने बाबत।
संदर्भः– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 7338–58 दिनांक 20.07.2015

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि इस कार्यालय के संदर्भित पत्र द्वारा रिक्त पदों की मासिक सूचना प्रत्येक माह की 5 तारिख तक इस कार्यालय में भिजवानें हेतु लिखा गया था, किन्तु अधिकांश कार्यालयों की मासिक सूचना काफी विलम्ब से भिजवायी जाती है अथवा भिजवायी ही नहीं जाती है। मुख्यालय पर रिक्त पदों की सूचना संकलित की जाकर समय–समय पर राज्य सरकार को भिजवायी जाती है। सामान्य प्रशासन (ग्रुप–3) विभाग राज. जयपुर के परिपत्र क्रमांक प.1(2)सा.प्र. / 3 / 2012 दिनांक 28.05.2018 द्वारा रिक्त पदों की मासिक सूचना प्रत्येक माह की 5 तारिख तक आवश्यक रूप से भिजवानें के सख्त निर्देश दिये है।

अतः इस कार्यालय के संदर्भित पत्र के क्रम में आपके कार्यालय एवं आपके अधीनस्थ वनमण्डलों की सूचना संकलित की जाकर विशेष ध्यान रखते हुए प्रत्येक माह की 5 तारीख तक विभाग के ई–मेल **dcfnz.estt.forest@rajasthan.gov.in**पर भिजवाने का कष्ट करें, ताकि संकलित सूचना अद्यतन हो सके तथा राज्य सरकार, प्रशासनिक विभाग एवं विभागीय कार्य हेतु सूचना भिजवाया जाना संभव हो सकें। यहां विशेष रूप से उल्लेख किया जाता है, उक्त रिक्त पदों की मासिक सूचना प्रत्येक माह की 5 तारिख तक ईमेल अथवा डाक द्वारा इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। पत्र को व्यक्तिगत स्तर पर लेवे एवं सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय

(घनश्याम प्रसाद शर्मा)
अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक(प्रशासन)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 15(1)2011 / कार्मिक–स्ट्रेन्थ / प्रमुवसं / 4124–4206 दिनांकः 26/08/2020

प्रतिलिपि निम्नांकित को प्रेषित कर लेख है कि रिक्त पदों की मासिक सूचना सम्भागीय मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से प्रेषित करते हुए प्रतिलिपि इस कार्यालय मे प्रत्येक माह की 5 तारिख तक डाक अथवा **dcfnz.estt.forest@rajasthan.gov.in** पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

1. समस्त उप वन संरक्षक / भू–संरक्षक अधिकारी।
2. कम्प्यूटर सैल कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना विभागीय वैब साईट पर अपलोड करें।

(जे.एस.दहिया)
उप वन संरक्षक (संस्थापन–अराज.)
राजस्थान, जयपुर